इटावा रेलवे स्टेशन पर दरवाजे

3424. श्री अर्जुन सिंह भदौरिया :
श्री राम सेवक यादव :
श्री मधु लिमये :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर रेलवे के इटावा स्टेशन पर दो दरवाजे हैं एक यात्रियों के अन्दर जाने के लिये और दूसरा उनके बाहर आने के लिये तथा हाल ही में दोनों दरवाजे खोल दिये गये थे;

(ख) अब केवल एक दरवाजा खोलने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या उन्हें इस बात की जानकारी है कि एक साथ दोनों दरवाजे खुले न रखने के कारण आने और जाने वाले यात्रियों की बहुत भीड़ रहती है जिसके परिणामस्वरूप बहुत से यात्री गाड़ी नहीं पकड़ पाते हैं; और

(घ) क्या सरकार का विचार रेलगाड़ियों के आने के समय फिर से दोनों दरवाजों को खोलने के लिये आदेश देने का है ?

रेलवे मन्त्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) से (घ). इटावा स्टेशन पर दो फाटक हैं। अभी हाल तक, दोनों प्रकार के अर्थात् अन्दर आने वाले और बाहर जाने वाले यात्रियों के लिये केवल एक फाटक खुला रहता था। अब स्थिति पर पुनर्विचार करके यह निश्चय किया गया है कि व्यस्त घंटों में दूसरे फाटक को भी खुला रखा जाये।

दिल्ली फरीदाबाद पैसेंजर गाड़ी में डाका

3425. श्री अर्जुन सिंह भदौरिया :
श्री राम सेवक यादव :
श्री मधु लिमये :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) शिकोहाबाद तथा फर्रुखाबाद स्टेशनों के बीच दिल्ली-फर्रुखाबाद पैसेंजर गाड़ी में 20/21 अप्रैल, 1967 को हुई डकैती में कितना धन गया;

(ख) क्या इस डाके में कुछ अन्य लोगों के साथ रेलवे पुलिस दल के कुछ कर्मचारी भी गिरफ्तार किये गये हैं; और

(ग) उस सम्बन्ध में गिरफ्तार हुए व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है ?

रेलवे मन्त्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) 20/21 अप्रैल, 1967 को शिकोहाबाद और फरुखाबाद स्टेशनों के बीच दिल्ली-फ़रुखाबाद सवारी गाड़ी में कोई डकैती नहीं हुई। लेकिन, 17/18 अप्रैल की रात को शिकोहाबाद-फ़रुखाबाद खण्ड के मोटा और पखना स्टेशनों के बीच शिकोहाबाद-फ़रुखाबाद सवारी गाड़ी में चोरी की एक घटना हुई जिसमें वायर एण्ड एलाइड इन्डस्ट्रीज लिमिटेड फ़रुखाबाद के एक कर्मचारी का बक्स चोरी चला गया। बक्से में 15,106.65 रुपये नकद और कुछ कपड़े थे।

(ख) जी नहीं।

(ग) तीन।

Export of Small Scale Industries Products

3426. **Shri S. R. Damani:** Will the Minister of Industrial Development and Company Affairs be pleased to state how far the efforts to promote export of small industries' products through National Small Scale Industries Corporation have succeeded?

The Minister of Industrial Development and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed): The National Small Industries Corporation undertook promotion of export of small scale industries products in the year 1966-67. In order to get enquiries for these products, the Corporation participated in a number of exhibitions held abroad. A few products like Woollen, Hosiery,